Class - VIII
Subject - HINDI GRAMMAR
पाठ – 1 भाषा, बोली, लिपि और व्याकरण

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर याद कर लिखें।

क. भाषा का क्या महत्त्व है?

उत्तर हमारे जीवन में भाषा बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसके बिना ज्ञान का प्रचार–प्रसार संभव नहीं है। भावों या विचारों का आदान–प्रदान भाषा के माध्यम से ही किया जाता है।

ख. भाषा की परिभाषा लिखें एवं इनके रूपों के नाम लिखें।

उत्तर भाषा वह माध्यम है जिसके द्वारा मनुष्य अपने मन के भावों या विचारों को दूसरों के सामने लिखकर या बोलकर प्रकट करते हैं।

भाषा के मुख्यतः दो रूप हैं –

1. मौखिक
2. लिखित

ग. मौखिक भाषा की परिभाषा लिखें।

उत्तर जब हम अपने मन के भावों या विचारों को दूसरों के सामने बोलकर प्रकट करते हैं, तब इसे मौखिक भाषा कहते हैं।

घ. लिखित भाषा की परिभाषा लिखें।

उत्तर जब हम अपने मन के भावों या विचारों को दूसरों के सामने लिखकर प्रकट करते हैं, तब इसे लिखित भाषा कहते हैं।

ङ लिपि की परिभाषा लिखें।

उत्तर मौखिक भाषा को लिखित रूप में प्रकट करने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग करते हैं, उन चिह्नों को लिपि कहते हैं।

च. बोली की परिभाषा लिखें।

उत्तर भाषा का स्थानीय या क्षेत्रीय रूप बोली कहलाता है।

छ. व्याकरण की परिभाषा लिखें तथा इनके विभागों का नाम लिखें।

उत्तर व्याकरण वह शास्त्र है जिसको पढ़ने से भाषा शुद्ध–शुद्ध पढ़ना, लिखना तथा बोलना सीखते हैं।

ज. साहित्य किसे कहते हैं?

उत्तर ज्ञान के संचित कोश को साहित्य कहते हैं।